nt>

Title: Need to implement the Eighth Pay Agreement to solve the problems of Regional Rural Banks.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विाय की ओर दिलाना चाहता हूं कि 14 तारीख को देश के ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी दिल्ली में धरना दे रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि बैंकिंग उद्योग के साथ जो 8वां द्विपक्षीय वेतन समझौता हुआ है, वह अभी तक लागू नहीं हुआ है। अब जबकि सारे ग्रामीण बैंक कॉमर्शियल काम भी कर रहे हैं तथा अधिकांश बैंक लाभ की स्थिति में हैं और उनकी वर्किंग में पहले के मुकाबले काफी सुधार भी हुआ है। इसलिए मैं चाहूंगा कि 14 तारीख को ग्रामीण बैंक के सारे कर्मचारी जब वहां पर आएं तो माननीय वित्त मंत्री जी के द्वारा यह उनको सूचना मिल जाए कि उनकी बात मान ली गई है और बहुत जल्दी 8वां द्विपक्षीय वेतन समझौता लागू होने वाला है। मेरा आग्रह है कि वह इसकी तिथि निर्धारित करके इस आशय की सूचना उनको जरूर देंगे।

MR. SPEAKER: You all should learn from Shri Bhargava. He gives a notice, waits patiently and gets a chance. Merely raising hand and saying 'Sir', 'Sir', will not help. He is an ideal Member.